फाइनेंशियल सर्विसेज के शामिल होने से फाइनेंसिंग की प्रक्रिया आसान होगी।

## 8 विजेता इनोवेशन के लिए 3 करोड़ के ट्रस्ट फंड से होगी शुरुआत

**लखनऊ ( डीएनएन )।** इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव ने भारत सरकार मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के साथ मिलकर पोषण उपलब्ध कराने की सेवाओं को मजबूती देने के लिए पोषण इनोवेशन प्लेटफॉर्म पीआईपी की शुरुआत करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य अंतिम छोर पर मौजूद माताओं और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण के स्तर में सुधार करना है। 8 विजेता इनोवेशन के लिए 3 करोड़ के ट्रस्ट फंड से इसकी शुरुआत होगी। प्लेटफॉर्म शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्टअप, यूनिवर्सिटी इंक्यूबेटर, सिविल सोसाइटी नेटवर्क और देश के कारोबारों को अपने शानदार इनोवेशन को अवधारणा के प्रमाण के साथ लोगों के सामने लाने के लिए मंच उपलब्ध कराएगा। यह प्लेटफॉर्म मार्गदर्शन, सीड फंडिंग और निवेश के अवसर उपलब्ध कराएगा ताकि इन इनोवेशन को सफलतापूर्वक विस्तार दिया जा सके।